# कांग्रेस ने आमजन को चुटकी भर शक्कर बांटकर जताया महंगाई का विरोध

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 27 अगस्त, कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में महंगाई विरोधी तख्तियां हाथों में लेकर राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय से रैली के रूप में निकले। शहर के मुख्य मार्गों व बाजार में आमजन के हाथों में एक चुटकी शक्कर रखकर महंगाई का विरोध किया।**

कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने जनता से कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा शक्कर के बढ़ाए हुए दाम के बाद अब जीवन में सिर्फ इतनी ही मिठास शेष रह गई। भाजपा सरकार की अनीति के कारण घरों में मीठे खाद्य पदार्थ बनाने से पहले चिंतित होकर रसोई के बजट पर विचार कर रही है, क्योंकि केवल शक्कर ही नहीं बल्कि रसोई गैस, बिजली के दाम और पेट्रोल व डीजल की बढ़ी हुई कीमतें भी दम निकाल चुकी है। भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी



मांगों का ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा और महंगाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

### कांग्रेस ने ज्ञापन देकर रही अपने मांग

कांग्रेसियों ने कहा कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार के द्वारा सोची समझी साजिश के तहत जनता पर लगातार महंगाई का बोझ डाला जा रहा है। त्योहार से ठीक पहले शक्कर जैसे महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ की कीमतों को बेतहाशा बढ़ाना जनता के साथ अन्याय है। सरकार का यह निर्णय पूर्णतः गलत व जनविरोधी है। पेट्रोल में जारी ई-20 की मिलावट से आम नागरिकों के दोपहिया व चौपहिया वाहनों में बार-बार खराबी आने और सुधरवाने के लिए अत्याधिक राशि खर्च करनी पड़ रही। आम उपभोक्ताओं पर बिजली बिलों की बढ़ी हुई दरों से घरेलू, कृषक और छोटे व बड़े उद्योग एवं व्यापार प्रभावित हो रहे हैं।

### सम्पूर्ण सामाग्री हो चुकी महंगी : ओक्टे

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि भाजपा सरकार की अनीति और जनविरोधी चेहरा जनता के सामने आ चुका है। पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों के कारण आयात होने वाली सम्पूर्ण सामग्री महंगी हो चुकी है। आय और खर्च के बीच बड़ी असमानता उत्पन्न होने से मध्यम वर्ग परिवार अब गरीबी की ओर बढ़ रहा है। जनहित में भाजपा सरकार से ज्ञापन व प्रदर्शन के माध्यम से मांग की गई कि बढ़ती महंगाई को कम कर जनता को राहत दें, अन्यथा कांग्रेस बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### जनता में बढ़ रहा महंगाई का बोझ : सोनू मागो

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो ने कहा कि हर घर की जरूरत शक्कर, रसोई गैस सिलेंडर और पेट्रोल व डीजल है। इनके दाम बढ़ने से जनता पर महंगाई का बोझ पड़ता है। त्योहार से ठीक पहले शक्कर के दाम बढ़ाना भाजपा सरकार की लूट नीति को उजागर कर रही है। भाजपा सरकार ने यह प्रण ले लिया कि वह जनता को महंगाई के उस पार लेकर जाएगी जहां आय से अधिक खर्च की नौबत आएगी। सरकार बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करें, अन्यथा कांग्रेस जनता के साथ मिलकर पुनः आंदोलन करेगी।

## भारी बारिश के बीच सड़कों पर उतरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महंगाई और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जुन्नारदेव में जमकर किया प्रदर्शन!



**जुन्नारदेव।** प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव द्वारा बढ़ती महंगाई, कालाबाजारी और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफनगर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। तेज बारिश के बावजूद ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस, महिला कांग्रेस तथा समस्त अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर जनहित के मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक से रैली की शुरुआत की। कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। इस दौरान आम जनता को दैनिक उपयोग की राशन सामग्री, शक्कर, खाद्य तेल, रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और भारी-भरकम बिजली बिलों से अवगत कराने के लिए पर्चे भी वितरित किए गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता और गरीब तबका कमरतोड़ महंगाई से त्रस्त है। पेट्रोल-डीजल में एथेनॉल मिश्रण की आड़ में हो रही धांधली और स्थानीय स्तर पर बढ़ते भ्रष्टाचार ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस समेत विभिन्न प्रकोष्ठों के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ने एक स्वर में सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही महंगाई और भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

## एक नजर में

### गौ सम्मान एवं आह्वान अभियान को लेकर बैठक आज

**सिवनी।** गौ रक्षा, गौ पालन एवं गौ संवर्धन के उद्देश्य से गौ सम्मान एवं आह्वान अभियान के अंतर्गत सिवनी में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन महानंद बाबा गोपालानंद सरस्वती जी महाराज की अध्यक्षता में 28 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे राजशशि लॉन, छिंदवाड़ा रोड, बायपास ब्रिज के आगे, सिवनी में होगी। बैठक में गौ संरक्षण, गौ सेवा, गौ पालन एवं गौ संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों ने जिले के समस्त गौभक्तों एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अभियान को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया है। आयोजकों का कहना है कि गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के अभियान में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

### गुम नाबालिग बालिका 24 घंटे में विदिशा से दस्तयाब

**सिवनी।** बंडोल पुलिस ने गुम हुई नाबालिग बालिका को 24 घंटे के भीतर विदिशा जिले से दस्तयाब कर सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। 26 अगस्त को पिता ने थाने में अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने विदिशा पहुंचकर बालिका को दस्तयाब कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

## आकार लेने लगी श्री गणेश प्रतिमाएं



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 27 अगस्त, आगामी सितंबर माह में श्री गणेश चतुर्थी के साथ श्री गणेश प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा नगर में बड़ी संख्या में श्री गणेश प्रतिमाओं को सार्वजनिक स्थलों एवं घरों पर नगर वासियों द्वारा स्थापित किया जाता है।**

वर्तमान में स्थानीय मूर्तिकारो द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को आकार देने का कार्य किया जा रहा है। नगर के मूर्तिकार चमन मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री गणेश चतुर्थी पर्व के पूर्व ही सैकड़ो की संख्या में श्री गणेश प्रतिमाओं के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं, बड़ी संख्या में नगर के श्री गणेश भक्त अपने घरों में एवं सार्वजनिक स्थलों पर गणेश प्रतिमाओं को स्थापित करने के लिए आकर्षक प्रतिमा ऑन का ऑर्डर दे चुके हैं। वर्तमान में श्री गणेश प्रतिमाओं में रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है वही बड़ी प्रतिमाओं को आकार देने का कार्य भी जारी है।

## सात वर्षों से निभा रहे है परंपरा श्रावण मास में आदिवासी आश्रम के विद्यार्थियों को करा रहे स्नेह भोज



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 27 अगस्त, नगर के शिव भक्तों द्वारा लगातार शिव की भक्ति में दीन दुखियों की मदद की जा रही है इसी कड़ी में नगर के शिव भक्त राजेश दुन्सुआ (रजिया हलवाई) द्वारा लगातार 7 वर्षों से गरीब बच्चों को श्रावण के अंतिम सप्ताह भोजन कराया जाता है इसी कड़ी में श्री दुन्सुआ द्वारा बुधवार 26 अगस्त को आदिवासी छात्रावास के गरीब आदिवासी बच्चों को स्नेह भोज कराने के साथ-साथ भेंट प्रदान की गई।**

उनके द्वारा आदिवासी छात्रावास सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 150 से 200 बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया, हरिनारायण चौरसिया सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उनके द्वारा किए जा रहे इस पवित्र कार्य की नगर में भी सर्वत्र सराहना की जा रही है।

## जमकुंडा में भाजपा की संगठनात्मक हुंकार, मेरा बूथ सबसे मजबूत का लिया संकल्प

### बूथ सशक्तिकरण, को लेकर जमकुंडा शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 27 अगस्त, भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के अंतर्गत जमकुंडा शक्ति केंद्र की मासिक बैठक ग्राम भांडरी में जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी कमलेश उईके की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में बूथ सशक्तिकरण, मन की बात कार्यक्रम, नियमित जनसंपर्क एवं संगठनात्मक गतिविधियों को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।**

बैठक में बूथ क्रमांक 241, 242, 243 एवं 244 को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करने का संकल्प लिया गया। कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने एवं जनसंपर्क को और व्यापक बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक सुधीर तिवारी, शक्ति केंद्र प्रभारी मुकेश उईके, बूथ अध्यक्ष जगदीश यदुवंशी, नितेश यादव एवं अशोक नागवंशी, बूथ मंत्री, बूथ ठस।, 'मन की बात' प्रमुख, व्हाट्सएप प्रमुख सहित कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक के पश्चात ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनकी स्थानीय समस्याओं एवं विभिन्न विषयों को सुना गया। ग्रामीणों को समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष विषय रखने तथा हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

## गणेश कॉलोनी में हर्षोल्लास से मनाया गया हरियाली महोत्सव



**छिंदवाड़ा।** गणेश कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर प्रांगण में हरियाली महोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कॉलोनी की महिलाओं ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका श्रीमती श्रुति आरोनकर कर, श्रीमती कृष्णा बिसेन और श्रीमती नीता पांडेय ने निभाई। कार्यक्रम में उर्मिला सिंह, अनीता आनंदेव, कल्पना मालवीय, मेघा चौरसिया, विनिता राय, समीक्षा ठाकुर, भावना नासेरी , अश्विनी आनदेव,शोभना पांडेय, प्रिया कस्तूरे , रेखा राजपूत, शीला पांडेय, ज्योति चौरसिया, सुलोचना सिंह , मिथिलेश पांडेय, मधु रोड़े और पवन राय सहित कॉलोनी की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हरे रंग के आकर्षक परिधानों में सजी महिलाओं ने सावन और हरियाली के इस उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। गणेश मंदिर प्रांगण को फूलों और हरियाली से सुंदर ढंग से सजाया गया था। महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर आपसी सौहार्द, एकता और उत्साह का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को निर्णायकों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। हंसी-खुशी और उल्लास से भरे वातावरण में सभी कार्यक्रम आनंदपूर्वक संपन्न हुए। इस आयोजन ने भारतीय संस्कृति, प्रकृति-प्रेम और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी महिलाओं ने आयोजन की सराहना करते हुए एक-दूसरे को हरियाली महोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

## पुलिस थाना परिसर के हनुमान मंदिर में सुंदर कांड का आयोजन

**उगली नवभारत।** पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर अंतिम सोमवार को सिवनी जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल क्षेत्र उप तहसील उगली के पुलिस थाना प्रांगण में देवाधिदेव महादेव का प्राचीन मंदिर स्थापित है। गत दिवस क्षेत्रीय विद्यार्थी म्यूजिकल ग्रुप की सौजन्य से पुलिस थाना उगली और उगली के वरिष्ठ जनमानस के विशेष सहयोग से संगीतमय सुंदर रामचरितमानस सुंदरकांड का आयोजन भक्तों के द्वारा किया गया।

श्रावण मास की अवसर पर रुद्रावतार देवाधिदेव महादेव को प्रसन्न करने के लिए भक्ति गण विशेष कार्यक्रम अखंड मानस पाठ, सुंदरकांड, रामायण मंडली महिला और पुरुष युवाओं के द्वारा क्षेत्र में कांवड़ यात्राओं का दौर



जारी है। गत दिवस पांडिया छपारा क्षेत्र में हिंदू उत्सव समिति के तत्वधान में विशाल कांवण यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ कर हिस्सा लिया, आज 25 अगस्त को ग्राम मोहबर्रा में कावड़ियों के द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई, उगली में स्थापित समस्त मंदिरों में हनुमान मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर बीजाटोला, बाबा बीजाकोट, खैर माई मंदिर परिसर, प्राचीन शिव मंदिर, महाकाल मंदिर और भी सभी देवालयों में श्री रामचरितमानस का वाचन व गायन श्रद्धालुओं के द्वारा नियमित किया जा रहा है।

उगली बस स्टेंड स्थित श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर में विगत चार-पांच वर्षों से नियमित प्रत्येक मंगलवार को सुंदर संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन मंदिर समिति के तत्वाधान में किया जाता है। थाना परिसर में सुंदरकांड के आयोजन में विशेष बाहर से आए कलाकारों के द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति संगीत वाद्य यंत्रों के साथ भक्तिमय माहौल से सराबोर करते हुए सुंदरकांड का आयोजन किया गया, थाना प्रभारी दयानंद शरणागत के सानिध्य में मेजर मनोज सूर्यवंशी, श्री बघेल, रविकांत ठाकुर ऐ एस आई सुमेर चंद उइके और सभी स्टाफ के जन सहयोग से क्षेत्रीय भक्तों के जन सहयोग से यह अनुष्ठान किया गया। मंदिर में विराजित भोलेनाथ का अभिषेक कार्यक्रम भी विगत सोमवार को किया गया था, विगत दिवस महिला मंडल के द्वारा भी सुंदरकांड का आयोजन किया गया था.

### झमाझम बारिश के बीच जमकर लगा राखी का बाजार, बहनों ने जमकर की राखियों की खरीदी

**जुन्नारदेव।** नगर में गुरुवार को राखी के है बाजार के दिन सुबह से ही झमाझम बारिश का दौर जारी रहा जहां पर राखी के लिए सजा बाजार दोपहर में कुछ हद तक सूना दिखाई दिया, किंतु दोपहर के बाद बारिश भी बहनों का उत्साह नहीं रोक पाई और बाजार क्षेत्र में हजारों की संख्या में युवतियों और महिलाएं राखी की खरीदी करने घरों से बाहर निकली नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल के लोगों ने बाजार क्षेत्र में जमकर खरीदी की मुख्य तौर पर राखी, रुमाल, कपड़े, साड़ी, मिठाई, सेब, केले, नारियल की दुकानों में भारी भीड़ रही देर शाम तक बाजार में बारिश के बीच चहल-पहल दिखाई दी।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/बिछुआ , 27 अगस्त, बिछुआ आदिवासी विकासखंड में 27 अगस्त गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मध्यप्रदेश एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे एवं चौरई विधानसभा क्षेत्र विधायक सुजीत सिंह चौधरी के दिशा-निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछुआ द्वारा बिछुआ बस स्टैंड पर बढ़ती महंगाई के विरोध में धरना प्रदर्शन आंदोलन एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान आम जनता को प्रभावित करने वाली महंगाई एवं बढ़ते आर्थिक बोझ के खिलाफ




शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आवाज बुलंद की गई। शक्कर की बढ़ती कीमतों से आम परिवारों की रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है। इस समस्या को लेकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। श्व 20 पेट्रोल से जुड़े सवालों तथा पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में पोस्टर एवं नारों के माध्यम से आवाज उठाई गई। बढ़े हुए बिजली बिलों से आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के खिलाफ रचनात्मक एवं प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। महंगे गैस सिलेंडर के कारण गरीब मध्यमवर्गीय एवं आम परिवारों पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

### महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन

धरना प्रदर्शन के उपरांत उपरोक्त जनहित के मुद्दों को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार बिछुआ के माध्यम से सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी से उपाध्यक्ष इंद्रपाल पटेल,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछुआ से समन्वयक अतरलाल कुमरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर , उपाध्यक्ष मोती सिंह ठाकुर, महासचिव विपिन कुमार उईके, मंडलम कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहस पटेल, शेषराव उईके, युवराज देशमुख, पुसू उईके, प्रेमसिंह उईके, जितेंद्र राजपूत, राजेश वर्मा एवं वरिष्ठ कांग्रेसी खुमानसिंह इनवाती, रामभरोस पटेल, रामा गाडरे, रामचंद्र भालेराव, रमेश वाडिवा उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ अध्यक्ष धनपत उईके,अजा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिल सातनकर, दिनेश गोनेकर,महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती शर्मा, सिंधु परतेती, शशिकला बेटे, संगीता खौसे, अनुसुइया नागवंशी,अनिता पहाड़े,युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रिंकू पटेल, कार्यवाहक अध्यक्ष मनेशलाल उईके, युवक कांग्रेस बिछुआ अध्यक्ष किरण कुमार कुड़ोपे, सचिन मर्सकोले, क्षितिज मिश्रा, अरुण यादव, युवराज सिंह ठाकुर, अजय उईके, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा सातनकर, विशाल कुमरे, सूजल चौरसिया,अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रकोष्ठ अध्यक्ष सलीम खान, अबरार खान,नगर कांग्रेस कमेटी खमारपानी अध्यक्ष प्रकाश उईके , पुरुषोत्तम डोंगरे, सुनील धुर्वे, पालकराम जाम्बोलकर, रामेश्वर उईके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.)

पारूप - 28
ई निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन

एन.आई. टी संख्या/ 3741 | सीहोर दिनांक 28.08.2026

निम्नलिखित संविदाकार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडो को पूरा करती हो ऑनलाईन निविदा आमंत्रित हैं :-

| क्र सं/ पैकेज /कोड | आपूर्तियों | जिला | संभावित राशि | निविदा | टेण्डर क्रय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_520003_2 | Construction RCC Drain near the house of Asha Samadhiya, Brahmpuri Colony, Ward No. 01 | सीहोर | 4,63,061/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |
| 2026_UAD_520802_2 | Construction of Bituminous Read in Ward No. 02 from in front of the Crematonum Ground, via Mari Mataji Temple, up to the Bypass | सीहोर | 41,24,100/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |
| 2026_UAD_520749_2 | Construction work for widening and asphalting bituminous road from Shri Hanuman Temple, Bhopal Naka to B.R.C. in Ward No.07 | सीहोर | 24,06,037/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |
| 2026_UAD_531785_1 | Construction of BT Road from Shri Sai Ji Temple via Sugata Parmar House in Ward No. 09 Municipal Council Sehore, District Sehore M.P. | सीहोर | 19,65,463/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |
| 2026_UAD_520662_2 | Construction of Bituminous Road from Nidan Hospital to Aara Machine, Ward No. 05 | सीहोर | 39,46,610/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |
| 2026_UAD_520806_2 | Construction of Bituminous Road in Ward No. 11 from the house of Shri Shobharam Ahirwar to Mata Mandir, from the house of Shri Abhishek Rathore to Dargah, and Anganwadi to the house of Shri Dhanraj. | सीहोर | 21,21,372/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |
| 2026_UAD_520847_2 | Construction of B.T. Road in Ward No. 25 from Hotal Shiv lok in Shivsardya Colony, via Swami Baba Ashram, up to the house of Shri Parwat Malviya | सीहोर | 25,67,659/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |
| 2026_UAD_520846_2 | Construction of Bituminous Road in Ward No. 25 from Mataji Temple to Shivji Temple | सीहोर | 30,32,032/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |
| 2026_UAD_520406_2 | Construction of C.C. Road from Shri Vishal Prajapati to the House of Shri Ramesh Upadhyay at Brahmanpura. Qusba, Ward No. 34. | सीहोर | 8,05,948/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |
| 2026_UAD_520842_2 | Construction of Bituminous Road in Ward No. 35 from Bakri Pul via Ram Dura up to Kissu Thakur House. | सीहोर | 12,99,544/- | द्वितीय | 24.08.2026 11:00 बजे से 07.09.2026 सांय 17.30 तक |

इच्छुक निविदाकार वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर NIT देख सकते है।
2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर **2026_UAD_531785_1** दिनांक **24/08/2026 प्रातः 11.00** से **24/09/2026** सांय **17.30** तक तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।
3. NIT में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

(विकास प्रिंस राठौर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सीहोर

(सुधीर कुमार)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर